# कार्यालय आयुक्त
# आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास,
# इन्द्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर, छत्तीसगढ़

**Phone No. 0771-2263708, Fax No.–2262558, www.tribal.cg.gov.in, Email-prayas.ctd@gmail.com**


क्रमांक / प्रयास / 160 / 2025–26 / 7044 नवा रायपुर, दिनांक 05 / 09 / 2025

**–: : चतुर्थ प्रतीक्षा सूची में दर्शित विद्यार्थियों को काउंसलिंग में उपस्थित होने की सूचना : :–**

**विषय :–नवीन प्रयास आवासीय विद्यालय जिला राजनांदगांव, बलरामपुर एवं बिलासपुर में कक्षा 9वीं (सत्र 2025–26) में प्रवेश हेतु चतुर्थ प्रतीक्षा सूची के विद्यार्थियों को काउंसलिंग में उपस्थिति होने की तिथि सूचना बावत्।**

––000––

**नवीन प्रयास आवासीय विद्यालय जिला राजनांदगांव, बलरामपुर एवं बिलासपुर** में सत्र 2025–26 की कक्षा 9वीं में रिक्त सीट में प्रवेश हेतु विद्यार्थियों की **वर्गवार चतुर्थ प्रतीक्षा सूची** विभाग की वेबसाईट **https://eklavya.cg.nic.in** पर अपलोड कर दिया गया है। **चतुर्थ प्रतीक्षा सूची** में दर्शित विद्यार्थी निर्धारित तिथि, समय एवं स्थल में अनिवार्य दस्तावेजों सहित उपस्थित होना सुनिश्चित करें, काउंसलिंग की तिथि, समय एवं काउंसलिंग स्थल का विवरण निम्नानुसार है :–

<table>
<tr><th>क्र.</th><th>वर्ग</th><th>काउंसलिंग<br>दिनांक व समय</th><th>काउंसलिंग<br>स्थल</th><th>रिमार्क</th></tr>
<tr><td>01</td><td>अनुसूचित जनजाति एवं विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह(PVTG) बालक</td><td rowspan="3">दिनांक 12.09.2025<br>प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक</td><td rowspan="5">प्रयास बालक आवासीय विद्यालय, सड्डू, उरकुरा मार्ग, व्ही.आई.पी. सीटी कालोनी के सामने जिला रायपुर</td><td rowspan="5">सर्व प्रथम नवीन प्रयास आवासीय विद्यालय जिला बलरामपुर के रिक्त सीट की पूर्ति पश्चात् ही जिला राजनांदगांव एवं बिलासपुर के रिक्त सीट भरे जायेगें।</td></tr>
<tr><td>02</td><td>अनुसूचित जनजाति एवं विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह(PVTG)बालिका</td></tr>
<tr><td>03</td><td>अनुसूचित जाति बालक / बालिका</td></tr>
<tr><td>04</td><td>अन्य पिछड़ा वर्ग बालक / बालिका</td><td rowspan="2">दिनांक 13.09.2025<br>प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक</td></tr>
<tr><td>05</td><td>सामान्य वर्ग बालक / बालिका</td></tr>
</table>

**विद्यार्थी निर्धारित काउंसलिंग तिथि को अनिवार्य दस्तावेजों के साथ उपस्थित होवें :–**

1. विद्यार्थी अपना प्रवेश पत्र।
2. सक्षम राजस्व अधिकारी द्वारा जारी **निवास एवं जाति** प्रमाण पत्र।
3. वर्ष 2024–25 में कक्षा 8वीं **प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण** होने का प्रमाण पत्र।
4. यदि परिवार नक्सल हिंसा से सीधे प्रभावित है तो इस आशय का संबंधित जिले के पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी प्रमाण पत्र।
5. विद्यार्थी की मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी चिकित्सा जांच प्रमाण पत्र।
6. सिकलसेल जांच प्रमाण पत्र।
7. 02 स्वयं का पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो।

**आवश्यक निर्देश :–**

1. **नियमावली की कंडिका 5(i) विद्यार्थी को कंडिका (4) में शामिल क्षेत्र के किसी विद्यालय से कक्षा 8वीं प्रथम श्रेणी / समकक्ष ग्रेड में उत्तीर्ण होना चाहिए। उक्त नियमानुसार प्रतीक्षा सूची में दर्शित विद्यार्थी काउंसलिंग हेतु पात्र होंगे।**
2. **सर्वप्रथम नवीन प्रयास आवासीय विद्यालय जिला बलरामपुर के रिक्त सीट की पूर्ति पश्चात् ही जिला राजनांदगांव एवं बिलासपुर के सीट की पूर्ति की जावेगी।**

5.9.2025

अपर संचालक
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
अटल नगर, नवा रायपुर छ.ग.